नव भारत


3 रक्षा, एआई पर होगी द्विपक्षीय चर्चा


4 सुको ने बंगाल में तैनात किए न्यायिक अधिकारी


9 केंद्रीय बैंकों की खरीद से सोना महंगा


11 जम्मू-कश्मीर पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा

# उड़द पर बोनस देगी सरकार

## सदन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की घोषणा



**600 रुपए उड़द पर अलग से देगी सरकार**

**06 हजार 200 रुपए क्विंटल है सरसों एमएसपी**

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 23 फरवरी. प्रदेश में अब मूंग की जगह उड़द लगाने को प्रोत्साहित किया जाएगा. ऐसे किसान जो कि मूंग के स्थान पर उड़द लगाएंगे, उनको राज्य सरकार प्रति क्विंटल 600 रुपए की प्रोत्साहन राशि बोनस के तौर पर देगी.**

यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सदन में की. वे किसान कल्याण वर्ष को लेकर सदन में विशेष व्यक्तव्य दे रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार किसानों को अलग-अलग तरह के फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित करने उड़द प्रोत्साहन योजना लागू करेगी. ये राशि किसानों को बोनस के रूप में मिलेगी, जो कि एमएसपी के अलावा होगी.

इसी तरह इस सीजन से प्रदेश में सरसों को भावांतर योजना के दायरे में लाया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस सीजन में सरसों का अनुमानित उत्पादन 15.71 लाख मीट्रिक टन है. जनवरी में मंडी में सरसों का औसत कीमत 6000 रुपए प्रति क्विंटल रही है. वहीं एमएसपी 6200 रुपए प्रति क्विंटल है. ऐसे में सरसों को भावांतर योजना में शामिल किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसी संदर्भ में केंद्र सरकार को विधिवत प्रस्ताव भी भेजा है. इस योजना के तहत एफएक्यू सरसों को एमएसपी से कम राशि मिलने की प्रतिपूर्ति के लिए योजना प्रस्तावित की गई है. योजना के तहत पात्र किसानों को राज्य की औसत उत्पादकता के हिसा से भुगतान किया जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी बताया कि प्रदेश में चना और मसूर की फसल का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चने के लिए 6.49 और मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है. एमएसपी पर चना और मसूर के उपार्जन के लिए 24 मार्च से 30 मई तक की अवधि प्रस्तावित की गई है. इसके लिए 20 फरवरी से 16 मार्च तक किसानों का पंजीयन चलेगी. मुख्यमंत्री ने सदन में यह भी जानकारी दी कि प्रदेश में खरीफ फसल तुअर का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत केंद्रीय एजेंसियों द्वारा सीधे उपार्जन के लिए 31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है.




### 11 फीसदी घट गए कपास के दाम : सिंघार



सदन में प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार पहले पहले कितना कर्ज लिया है. इस पर श्वेत पत्र जारी करे. फिर किसान कल्याण की बात करे. यूएसए से ट्रेड डील में मप्र के किसान प्रभावित होंगे. ट्रेड डील के बाद कपास के दाम 11 फीसदी घट गए हैं. उन्होंने कहा कि सर्वर डाउन है, पंजीयन हो नहीं पा रहा है.

### कन्यादान विवाह योजना में बीपीएल कार्ड अब जरूरी

प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में अब बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता को लागू कर दिया गया है. इस कारण कई जिलों में योजना के तहत सामूहिक विवाह के लिए वर-वधु नहीं मिल रहे हैं. ये मामला सोमवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान उठा. सदस्य सतीश सिकरवार ने ये मामला प्रश्नकाल के दौरान उठाया. सदन में जवाब देते हुए सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह ने स्वीकार किया कि प्रदेश में योजना के तहत बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता को लागू किया गया है.

## एक नजर में



### अखनूर में विदेशी करेंसी चिपके पाक के गुब्बारे मिले

**श्रीनगर, 23 फरवरी.** जम्मू के पास अखनूर सेक्टर के एक अग्रिम गांव से सोमवार को दो गुब्बारे मिले, जिन पर 5,000 रुपए का पाकिस्तानी करेंसी नोट और एक डॉलर लगा था. पुलिस ने बताया कि हवाई जहाज जैसे दिखने वाले सफेद और लाल गुब्बारे खौर बॉर्डर इलाके के गुनारा गांव में एक पेड़ पर फंसे हुए मिले. अधिकारियों ने बताया कि गुब्बारों पर एक पाकिस्तानी मोबाइल नंबर और एक क्यूआर कोड भी लिखा था, जो पाकिस्तान की तरफ से इंटरनेशनल बॉर्डर के इस तरफ आए थे. हालांकि बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान से गुब्बारों का गिरना आम बात है, लेकिन यह पहली बार है जब उनमें विदेशी करेंसी लगे हुए मिले हैं. अधिकारियों ने बताया कि रविवार को बीएसएफ ने 16 लाल गुब्बारे जब्त किए.

### तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ था : एचएएल

**नई दिल्ली, 23 फरवरी.** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायु सेना के एक स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के इस महीने के शुरू में दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्टों का खंडन किया है और कहा है कि इस विमान को तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था और उसे किसी भी तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना नहीं है. वायु सेना के लिए तेजस बनाने वाले उपक्रम एचएएल ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा तेजस विमानों की उड़ान रोके जाने की रिपोर्टों पर सोमवार को स्पष्टिकरण दिया. एचएएल ने कहा कि एलसीए तेजस के किसी भी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की कोई सूचना नहीं है.



## मेक्सिको में ड्रग माफिया की मौत के बाद भड़की हिंसा

- ड्रग माफिया पर था 136 करोड़ का इनाम
- भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की

**मेक्सिको सिटी, 23 फरवरी (वार्ता) मेक्सिको के मोस्ट वॉन्टेड ड्रग माफिया नेमेसियो ओसेगेरा सर्वांतेज उर्फ एल मेंचो सुरक्षा बलों के बड़े अभियान में मारा गया. वह जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल का प्रमुख था और अमेरिका ने उस पर लगभग 15 मिलियन डॉलर (करीब 136 करोड़) का इनाम घोषित कर रखा था. इस ऑपरेशन के बाद कई राज्यों में हिंसा भड़क उठी.**

ड्रग माफिया की मौत के बाद के बाद कई राज्यों में सोमवार को विद्यालय बंद कर दिए. कम से कम एक दर्जन राज्यों में तेजी से हिंसा फैल गयी. इसमें पश्चिमी राज्य जलिस्को भी शामिल है. खबर है कि सीजेएनजी के सदस्यों ने जलती गाड़ियों से राजमार्ग जाम कर दिया और जलिस्को एवं आस-पास के इलाकों के कुछ हिस्सों में अधिकारियों पर गोलीबारी की. मेक्सिको को लेकर भारत ने भी अलर्ट जारी किया है. भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है. दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जलिस्को राज्य, तामाउलिपास राज्य, मिचोआकान, गुरेरो और नुएवो लियोन राज्यों के कुछ क्षेत्रों में भारतीय नागरिकों से अगले निर्देश तक घर के भीतर सुरक्षित रहने को कहा गया है. सहायता के लिए दूतावास से +52 55 4847 7539 पर संपर्क करने को कहा गया है.

## नेपाल में त्रिशूली नदी में बस गिरी

- एक ब्रिटिश नागरिक सहित 19 की मौत
- 10 मृतकों की नहीं हो सकी पहचान

**काठमांडू, 23 फरवरी. नेपाल के धादिंग में रविवार देर रात एक बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें एक ब्रिटिश नागरिक भी शामिल है. नेपाल के राष्ट्रीय अखबार काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी.**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,


धादिंग के बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका के चरौंडी में हुए बस हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के लिए काठमांडू भेजा है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पोखरा से काठमांडू जा रही बस देर रात 1.15 बजे त्रिशूली नदी में गिर गई. पुलिस ने बताया कि हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं. इनमें से 24 को आगे के इलाज के लिए काठमांडू भेजा है. मरने वालों में नौ लोग नेपाल के नागरिक हैं, वहीं एक मृतक ब्रिटेन का नागरिक है, जिसकी पहचान स्टुअर्ट डॉमिनिक ईथन के रूप में हुई है. फिलहाल 10 मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है. एक घायल यात्री न्यूजीलैंड का नागरिक है. उसे इलाज के लिए मालेखु टीचिंग अस्पताल भेजा गया है.

### हवाई किराए में बढ़ोतरी पर सुको ने जताई चिंता

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने त्योहारों के मौसम और छुट्टियों के दौरान हवाई किराये में बढ़ोतरी पर पर चिंता जताई है. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सोमवार को हवाई किराए में बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के लिए नियामक दिशा-निर्देशों की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई की. फेडरेशन ऑफ इंडिया एयरलाइंस (एफआईए) ने मामले में शामिल होने की मांग की, लेकिन न्यायालय ने फिलहाल यह कहते हुए मना कर दिया कि इस पर बाद में विचार किया जा सकता है.

## पीएम तारिक ने सेना में किया फेरबदल

### भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाकर दिया प्रमोशन

**ढाका, 23 फरवरी. बांग्लादेश में तारिक रहमान के प्रधानमंत्री पद संभालने के कुछ दिनों बाद सेना में बड़ा फेरबदल किया है. शीर्ष ऑपरेशनल और इंटेलिजेंस पदों पर बदलाव किएहैं. भारत में रक्षा सलाहकार रहे ब्रिगेडियर जनरल हफीजुर को प्रमोशन दिया है और उन्हें मेजर जनरल बनाया गया.**

सेना मुख्यालय के आदेश के अनुसार, भारत में बांग्लादेश के रक्षा सलाहकार रहे ब्रिगेडियर जनरल एमडी हफीजुर रहमान को मेजर जनरल पद पर पदोन्नत कर 55वीं इन्फैंट्री डिवीजन का जनरल ऑफिसर कमांडिंग नियुक्त किया है. इसके अलावा, लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद मैनुर रहमान को चीफ ऑफ जनरल स्टाफ बनाया है, जो पहले आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड के प्रमुख थे. वे लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह लेंगे, जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं. मिलिट्री इंटेलिजेंस में भी जरूरी बदलाव देखने को मिले हैं.

### हिंदू महिला के साथ गैंगरेप

बांग्लादेश में नई सरकार बनने के बाद भी अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर जुल्म थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला भोला जिले के तजुमुद्दीन इलाके का है. यहां कीर्तन में शामिल होने गई एक 25 वर्षीय हिंदू महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया. महिला को गंभीर हालत में रक्तस्राव की स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया है.

## भोपाल में किसानों की रैली को संबोधित करेंगे राहुल गांधी

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 23 फरवरी. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार दोपहर भोपाल पहुंचेंगे. पार्टी सूत्रों के अनुसार, दोनों वरिष्ठ नेता अपने प्रवास के दौरान प्रदेश पदाधिकारियों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे.**

पार्टी नेताओं का कहना है कि इस दौरे से मध्य प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी. अटल पथ, जवाहर चौक पर किसानों की एक बड़ी सभा आयोजित की गई है, जहां राहुल गांधी कृषि से जुड़े मुद्दों पर जनसभा को संबोधित करेंगे. राहुल दोपहर लगभग 1 बजे चार्टर्ड विमान से राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचेंगे और लगभग 1:50 बजे सभा स्थल पर पहुंचकर किसानों को संबोधित करेंगे.



## सबसे पारदर्शी कैब सर्विस होगी भारत टैक्सी

### अमित शाह ने सारथियों के साथ किया संवाद

**नई दिल्ली, 23 फरवरी. सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि श्रम करने वालों की मुनाफे में हिस्सेदारी के लिए शुरू की गई भारत टैक्सी योजना के तहत चालकों को सम्मान से सारथी बनाने की पहल की गई है, जिसके तहत मेहनतकशों को मुनाफे में भागीदार मालिक बनाना सुनिश्चित किया गया है.**

शाह ने सोमवार को यहां भारत टैक्सी के सारथियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि भारत टैक्सी दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सेवा होगी, जिससे ग्राहक और सारथी दोनों में अनुशासन लाकर नागरिक समझ को बढ़ावा मिलेगा और भारत टैक्सी, सारथियों की समस्या के समाधान का रास्ता तैयार करेगी. उनका कहना था कि भारत टैक्सी के संचालन के लिए बोर्ड का गठन किया जाएगा और इसके निदेशक मंडल में सारथियों यानी टैक्सी चालकों को रखा जाएगा ताकि वे समस्याओं के समाधान के लिए खुद पहल कर सकेंगे.



### अपने को ड्राइवर नहीं 'सारथी' कहे

सहकारिता मंत्री ने कहा सारथियों को अपने आप को कभी ड्राइवर नहीं कहना चाहिए बल्कि गर्व के साथ स्वयं को सारथी कहना चाहिए. सम्मान के साथ इस भाव को सारथियों के मन में लाना ही भारत टैक्सी की जिम्मेदारी है. भारत टैक्सी सुधार की सभी संभावनाओं को तलाशेगी और आगे बढ़ने पर हर समस्या का समाधान भी हो जाएगा. समाज में सारथी को देखने का नजरिया किस प्रकार बदले, यह सारथियों की भी जिम्मेदारी होनी चाहिए.



## भागीरथपुरा में 34 मौतों के बाद फिर दहशत में रहवासी

- समारोह में दाल-बाटी खाने के बाद 25 लोग बीमार
- फूड पॉइजनिंग की आशंका, छह लोग अस्पताल में भर्ती

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. हालिया 34 मौतों की घटना से उबरने की कोशिश कर रहे भागीरथपुरा में एक बार फिर दहशत फैल गई, जब जन्मदिन समारोह में भोजन करने के बाद करीब 25 लोगों की तबीयत बिगड़ गई. उल्टी, दस्त और चक्कर आने की शिकायत के बाद कई लोगों को अस्पताल ले जाया गया. फिलहाल दो मरीज एमवाय अस्पताल और चार निजी अस्पतालों में भर्ती हैं.**

स्वास्थ्य विभाग ने फूड पॉइजनिंग की आशंका जताते हुए खाद्य सामग्री के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं. घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है, भागीरथपुरा में आकाश माली के घर बेटे के जन्मदिन पर भोज का आयोजन किया गया था. समारोह में रिश्तेदारों और आसपास के रहवासियों को दाल-बाटी और चूरमा परोसा गया. भोजन के कुछ समय बाद ही लगभग 25 लोगों को उल्टी और चक्कर की शिकायत होने लगी. परिजनों ने तत्काल उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया. इलाज के दो-तीन घंटे बाद करीब 10 लोगों की हालत में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया. रविवार को भी तीन-चार मरीजों को छुट्टी दे दी गई. आकाश माली के अनुसार उनके भाई और भाभी फिलहाल एमवायएच में भर्ती हैं, जबकि अन्य कुछ सदस्य निजी अस्पतालों में उपचाररत हैं. सूचना पर स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और नमूने लेकर जांच के लिए भेजे.

### सूचना मिलने पर तत्काल टीम भेजी : डॉ माधव

मामले में सीएमएचओ डॉ. माधव हासानी ने बताया कि फूड पॉइजनिंग की सूचना पर टीम तत्काल भेजी गई थी. संजीवनी क्लिनिक में भी दो-तीन मरीज पहुंचे थे, जिनका उपचार किया. अन्य मरीजों की जानकारी एकत्रित की जा रही है और सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं. रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.


**पीएम की पाती** पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र

## सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी

- सीएए, कानून व्यवस्था और घुसपैठ पर रखी अपनी बात

**नई दिल्ली, 23 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखा है. इसमें उन्होंने सीएए का जिक्र करते हुए घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास, कानून-व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों पर अपनी बात रखी है.**

उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए ममता बनर्जी को घेरा है. पीएम मोदी ने लिखा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है. पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं. पीएम मोदी ने पत्र में लिखा, जय मां काली... अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा. आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है. मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिला आज बहुत पीड़ा में हैं. उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है. इसलिए मैंने पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है.



### बंगाल आज संकीर्ण राजनीति में जकड़ा हुआ है

प्रधानमंत्री ने लिखा कि स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है. पश्चिम बंगाल की धरती के सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजादी के ललकार' ने कभी पूरे देश को प्रेरित किया था, लेकिन आज उनकी ही पवित्र भूमि अवैध घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से कलंकित है. कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर का सोनार बंगाल पर नकली वोटर हावी हो रहे हैं. अराजकता के अंधेरे में डूबते पश्चिम बंगाल को देखकर आज पूरा देश चिंतित है.

### अब परिवर्तन अनिवार्य है

उन्होंने लिखा, लेकिन कब तक हम चुपचाप यह सब सहते रहेंगे? अब परिवर्तन अनिवार्य है. कई राज्यों में जीवन स्तर बेहतर हुआ है, गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है. 'आयुष्मान भारत' से सुरक्षा मिली है, युवाओं को रोजगार मिला है और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है. पश्चिम बंगाल भी इस विकास और प्रगति का पूरा हकदार है.

### ईरान में भारतीय नागरिकों को देश छोड़ने की एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली.** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत सरकार ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह दी है. भारतीय दूतावास ने कमर्शियल फ्लाइट समेत उपलब्ध साधनों से जल्द निकलने और सतर्क रहने को कहा है. तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि यह एडवाइजरी पहले जारी नोटिस से जुड़ा में है. दूतावास ने छात्रों, तीर्थयात्रियों, कारोबारियों और पर्यटकों से स्थिति को देखते हुए तत्काल देश छोड़ने को कहा है. दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों और पीआईओ से अपील की है कि वे विरोध-प्रदर्शन वाले इलाकों से दूर रहें.